## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह का 31 मार्च को घुटास आगमन

**मण्डला।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह का मंडला लोकसभा क्षेत्र के मवई विकासखंड के ग्राम घुटास में 31 मार्च को दोपहर 1:30 बजे आगमन होगा यहां मंडला लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में आयोजित जनसभा को करेंगे संबोधित। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह लोकसभा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी लोक सभा प्रभारी विनोद मिश्रा लोक सयोजक प्रफुल्ल मिश्रा विधानसभा प्रभारी राजेश पाठक सहित जिला विधान सभा के पदाधिकारी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि घुटास में आयोजित जनसभा उपरांत प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह का मंडला आगमन होगा यहां भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित प्रबंध समिति जिला मंडल पदाधिकारी की बैठक लेंगे।

### 56 लीटर महुआ शराब तथा 300 किलो महुआ लाहन जप्त

**मण्डला।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को मद्देनजर आबकारी टीम द्वारा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में संदिग्ध होटलों, ढाबों एवं स्थानों में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करते हुए 41 नग देशी मदिरा प्लेन, 21 नग विदेशी मदिरा एवं 6 बोतल बीयर के जप्त किये गये। कार्यवाही के दौरान 56 लीटर हाथ से बनी महुआ शराब तथा महुआ शराब बनाने के लिए प्रयुक्त किये जाने वाले लगभग 300 किलो ग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। इस अपराध में संलिप्त 5 व्यक्तियों के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के अन्तर्गत न्यायालयीन मामला दर्ज किया गया है।

## धूमधाम से मनाई जिलेवासियों ने रंगपंचमी

# रंगपंचमी पर बरसा गुलाल





*** सामाजिक संस्थाओं ने किये आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

गुलाल की बरसात से माहौल सतरंगी हो गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जगह-जगह विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाईचारे और आपसी प्रेम को प्रगाढ़ करने के पर्व के उद्देश्य को पूरा करते हुए रंगपंचमी के दौरान लोग एक दूसरे के घर पहुंचे। लोगों ने मिल जुलकर रंगपंचमी मनाई, एक-दूसरे को गुलाल मला और और त्योहार की बधाई का आदान-प्रदान किया। पर्व को लेकर युवा वर्ग में सबसे अधिक उत्साह झलक रहा था।

शहर में सुबह से शुरू हुआ रंग और गुलाल लगाने का सिलसिला शाम तक जारी रहा। वहीं इस पर्व के दौरान युवाओं की टोलियां शहर में जगह-जगह घूमती नजर आई। एक-दूसरों को गुलाल से तरबतर करते दिखाईं दिए। वहीं हुरियारे भी धूम मचाते नजर आये। इस तरह से घर-घर में रंग और गुलाल उड़ाकर रंगपंचमी पर्व का लोगों ने आनंद उठाया। वहीं शहर में कहीं भी चल समारोह और जुलूस नहीं निकाले गए। साथ ही कहीं-कहीं पर फूलों और गुलाल से ही सूखी रंगपंचमी मनाई गई।

### रंगपंचमी पर रहा उत्साह

सुबह से ही रंगों के पर्व की मस्ती शहर में चारों ओर देखने को मिली। सर्वाधिक रुप से बच्चों में इस पर्व का आनंद देखने को मिला। सुबह से ही बच्चे पिचकारियां हाथ में लिये एक-दूसरे को पानी और रंग में भिगोते हुए दिखाई दिये। दिनचर्या के साथ ही त्योहार का आनंद भी दुगना होते चला गया। बच्चों, महिलाओं के साथ बड़े भी मैदान में उतर आये और फिर एक-दूसरे को गुलाल और रंग लगाकर गोली पर्व की शुभकामनाएं दी गई। कई स्थानों पर सामूहिक रुप से युवाओं, महिलाओं ने इसका आयोजन किया। दिनभर रंगों की मस्ती छाई रही। गानों की धुन में युवाओं व महिलाओं ने ठुमके लगाए और दिनभर रंग में सराबोर होते रहे। महिलाएं और युवतियां भी रंग का पर्व खेलने में पीछे नहीं रहीं। गली-मोहल्लों में युवकों के साथ ही महिलाओं और युवतियों ने भी कुछ ही देर में टोली बना ली। बच्चों की अपनी टोली थी। इसमें रंगों की मस्ती घुली हुई थी। टोली नये सदस्य को रंगने के लिये घर-घर पहुंच रही थी। यह क्रम देर शाम तक चलता रहा।



### अधुनिकता का रंग

होली रंगों का त्योहार है, हँसी-खुशी का त्योहार है, लेकिन होली के भी अनेक रूप देखने को मिलते है। प्राकृतिक रंगों के स्थान पर रासायनिक रंगों का प्रचलन, भांग-ठंडाई की जगह नशेबाजी और लोक संगीत की जगह फिल्मी गानों का प्रचलन इसके कुछ आधुनिक रूप हैं। लेकिन इससे होली पर गाए-बजाए जाने वाले ढोल, मंजीरों, फाग, धमार की शान में कमी नहीं आती। अनेक लोग ऐसे हैं जो पारंपरिक संगीत की समझ रखते हैं और पर्यावरण के प्रति सचेत हैं। इस प्रकार के लोग और संस्थाएँ चंदन, गुलाब जल, टेसू के फूलों से बना हुआ रंग तथा प्राकृतिक रंगों से होली खेलने की परंपरा को बनाए हुए हैं, साथ ही इसके विकास में महत्वपूर्ण योगदान भी दे रहे हैं। रासायनिक रंगों के कुप्रभावों की जानकारी होने के बाद बहुत से लोग स्वयं ही प्राकृतिक रंगों की ओर लौट रहे हैं। होली की लोकप्रियता का विकसित होता हुआ अंतर्राष्ट्रीय रूप भी आकार लेने लगा है। इसकी उपयोगिता का अंदाज इस साल होली के अवसर पर अनेक लोगों ने गुलाल की होली खेल कर साबित कर दिया है।

## संभाग बैडमिंटन प्रतियोगिता में हुए विजयी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जबलपुर बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के डबल्स फाइनल में मंडला जिले के शरद बिसेन एवं नितेश राय की जोड़ी ने विजेता का खिताब हासिल कर मंडला जिले का नाम रोशन किया है। मैच के दौरान कड़े मुकाबले में के विनय राव और अतुल की जोड़ी को तीन सेटों में दो सेट जीतकर फाइनल मैच जीता है। जबलपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित संभाग स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल मैच 29 मार्च को जबलपुर के रानी लाल स्टेडियम में खेला गया था। श्री बिसेन ने बताया कि नियमित रूप से बैडमिंटन खेलने से हृदय की मांसपेशियों को मजबूत करने और रक्त वाहिकाओं के बंद होने के जोखिम को सीमित करने में मदद मिल सकती है जिससे सीएचडी का खतरा कम हो जाता है। इसे मध्यम-तीव्रता वाली गतिविधि के रूप में भी गिना जाता है इसलिए यह सप्ताह में आपके अनुशंसित न्यूनतम 150 मिनट में से कुछ मिनट प्राप्त करने का एक शानदार तरीका है। बैडमिंटन जैसी शारीरिक गतिविधि हमें अच्छा महसूस कराती है। बैडमिंटन खेलने का वही प्रभाव होता है जो प्रकृति में घूमने जाने का होता है यह ताजी हवा के झोंके की तरह है। नियमित तौर पर बैडमिंटन खेल कर आप अपने शरीर के मेटाबॉलिक रेट को बढ़ा सकते हैं। उनकी इस जीत पर खेलप्रेमी और मित्रों ने बधाई दी है। इस मैंच में निलेश राय पुरूष वर्ग के सिंगल में उपविजेता रहे हैं।

### 2 अभ्यर्थियों ने लिया नाम वापस

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत शनिवार 30 मार्च को 2 अभ्यर्थियों ने अपनी अभ्यर्थिता वापिस ले ली हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडला संसदीय क्षेत्र से रीता मरकाम एवं सुखदेव सिंह कुशराम ने अपने नाम वापिस लिए हैं। नाम वापसी के उपरांत मंडला संसदीय क्षेत्र के लिए 14 अभ्यर्थी शेष हैं।

## सूर्यकुण्ड धाम में मनाई गई रंगपंचमी



**मण्डला।** शनिवार को सकवाह ग्राम में स्थित सूर्यकुण्ड धाम में श्री श्री 1008श्री भारती जी महाराज मुख्य संचालक समिति एवं ब्रम्हमुहूर्त आरती सेवादार के माध्यम से ब्रम्हमुहूर्त आरती पश्चात 3:45 बजे रंगपंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें धूमधाम से हनुमान लला को रंग गुलाल अर्पित कर रंगपंचमी पर्व मनाया गया। जिसमे सभी भक्त भक्ति तथा होली के रंग मे रंगे नजर आये, यहां दूध, दही, गोबर, माटी, नर्मदा जी के जल से रंग घोल कर रंग वर्षा श्री राधाकृष्ण नृत्य रंग लाल मिलन फाग गायन भक्तों को मंदिर आशीर्वाद के रूम मे गुलाल वितरण एवं प्रसादी वितरण किया गया।

## राम मंदिर मे महिलाओं ने खेली रंग पंचमी पर जमकर होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

भुआबिछिया मण्डला होली की पंचमी तिथि को रंग पंचमी के अवसर पर राम मंदिर महिला मंडल समिती द्वारा अयोजित होली मिलन समारोह का अयोजन महिला मण्डल द्वारा आज रंग पंचमी पर किया गया, इस अवसर पर राम मंदिर के सामने नगर की महिलाओ ने आज जमकर रंग गुलाल खेला और गुलाल का तिलक लगाकर एक दुसरे को बधाई शुभकामनाए दी महिलाओ के साथ साथ बच्चों ने भी रंग पंचमी पर जमकर रंग गुलाल खेला इस अवसर पर हास परिहास के साथ साथ सभी ने मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए ओर भगवान को भोग प्रसादी अर्पण कर सभी स्वल्पाहार ग्रहण किया इसी तरह नगर में अनेको जगह रंग पंचमी पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## सरस्वती शिशु मंदिर भुआबिछिया में हर्षोल्लास से मनाया गया होली मिलन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर भुआ बिछिया में रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समिति परिवार एवं आचार्य परिवार ने सभी को रंग गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दी। इस होली मिलन कार्यक्रम में राम बहोरी पटेल (प्रांत अंकेक्षण प्रमुख एवं विभाग समन्वयक मण्डला) किशोरी लाल साहू (सचिव एवं व्यवस्थापक) अरूण मिश्रा (सहव्यवस्थापक), श्रीमती चन्द्रप्रभा मोदी, देवाशीष अग्रवाल, श्रीमती निशा पाण्डेय (प्राचार्य) एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

**नेमत** | औषधीय, धार्मिक, आध्यात्मिक गुणों की वजह से है बेहद महत्वपूर्ण।

# मण्डला में फूला दुर्लभ सफेद पलाश

*** जिले के लिये है यह अनोखी विरासत।**

भूमि न्यूज ▶▶ मण्डला







पलाश (टेशू) का फूल, फागुन माह में जमकर फूलता है। जहां इस मौसम में पतझड़ के बाद जंगल वीरान नजर आने लगते हैं तो वहीं ऐसे मौसम में जंगल में दूर दूर तक बिखरे पलाश की लालिमा सबका मन मोहने वाली होती है। पलाश या टेशू जिसे स्थानीय भाषा में छिवला कहा जाता है, वह तीन प्रकार के होते है। एक तो गहरे लाल नारंगी रंग के फूलों वाला, दूसरा पीले रंग के फूलों वाला और तीसरा सफेद रंग के फूलों वाला। इनमें सफेद फूल वाला पलाश बहुत दुर्लभ है और कहा तो ये भी जाता है कि पूरे प्रदेश में सफेद पलाश के एक-दो वृक्ष ही अब शेष हैं।आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला मुख्यालय से करीब 50 किमी दूर ग्राम पंचायत कौआडोंगरी के ग्राम सकरी में दुर्लभ सफेद पलाश का वृक्ष जिले में इकलौता है। सफेद पलाश के औषधीय गुणों एवं इसके विषय में प्रचलित तंत्र-मंत्र की कहानियों की वजह से ये और भी खास हो जाता है। इसका फूल चमत्कारी माना जाता है, कहा जाता है कि सफेद पलाश लक्ष्मी की सिद्धि सहित अन्य तांत्रिक क्रियाओं में खासा महत्व रखता है। इसके फूल, पत्ते और छाल भगवान शंकर को बेहद प्रिय हैं। इस फूल से न सिर्फ भगवान शिव का श्रृंगार होता है बल्कि इसके फूल-पत्तों से महाकाल का अभिषेक भी किया जाता है।

### वर्ष 1988 से संरक्षित घोषित

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों पहले अयोध्या से एक महात्मा यहां आये थे, तब इस वृक्ष में फूल नहीं आते थे। उन्होंने इसे संरक्षित किया, उसके बाद जब इसमें सफेद फूल आये तब लोगों को सफेद पलाश होने की जानकारी लगी। इसका महत्व देखते हुए जबलपुर के तत्कालीन कमिश्नर ने 8 अप्रैल 1988 को इस वृक्ष के संरक्षण के लिए निर्देश जारी किए। इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा वृक्ष के नीचे एक छोटा मंदिर भी बना दिए।

### संरक्षण की दरकार

सफेद पलाश से जुडी हुई औषधीय, धार्मिक, आध्यात्मिक और तंत्र-मन्त्र की अनेकों कहानियां प्रचलित हैं। लोग तंत्र-मन्त्र, पूजा-पाठ करने और इसकी छाल, फूल, पत्ती, टहनी के लालच में लोग दूर दूर से यहां पहुंचते हैं। जिनकी वजह से वृक्ष को नुकसान न पहुंचे इसलिए यहां इस पलाश के संरक्षण के ठोस उपाय किये जाने की आवश्यकता है।

### वाहन रैली के माध्यम से दिया नैतिक मतदान का संदेश, नैनपुर नगरपालिका का आयोजन

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जन जागरूकता की गतिविधियों की इसी कड़ी में आज नगरपालिका नैनपुर द्वारा नगरीय क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु वाहन रैली का आयोजन किया गया। नगरपालिका कार्यालय के सामने से प्रारंभ हुई इस रैली में शामिल दुपहिया वाहनों पर सवार लोगों ने नगर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण किया। इस दौरान आम मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित नगरीय मतदान केंद्रों के बीएलओ उपस्थित रहे।

## थाना कोतवाली पुलिस ने स्मैक के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पुलिस अधीक्षक मण्डला द्वारा नशा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान क्लीन स्वीप के तहत प्राप्त सुचना पर लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं। एसडीओ (पी) मण्डला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मण्डला के नेतृत्व में थाना मंडला पुलिस टीम द्वारा भ्रमण के दौरान प्राप्त सूचना पर रोहित सारथी पिता रमेश सारथी उम्र 25 साल निवासी लालपुर पेट्रोल पंप के सामने राजेन्द्र प्रसाद वार्ड मण्डला थाना कोतवाली मण्डला से 3.75 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक (ब्राउन शुगर) जप्त कियी गया।

दिनांक 29.03.24 को थाना कोतवाली मण्डला पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि रोहित सारथी नाम का व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ स्मैक लेकर स्मैक बेचने के लिये अपने घर के सामने खड़ा है। सूचना पर रोहित सारथी पिता रमेश सारथी उम्र 25 साल निवासी लालपुर पेट्रोल पंप के सामने राजेन्द्र प्रसाद वार्ड मण्डला को पकड़कर 3.75 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक (ब्राउन शुगर) कीमती करीबन 10,000/- रूपये जप्त किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय मण्डला पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही एसडीओ (पी) अर्चना अहीर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान, उपनिरीक्षक योगेश पाटीदार, सउनि भूनेश्वर वामनकर, आर. अमित गरयार, रमेश सिंगरौरे, सुंदर भलावी, आशिष धुर्वे, सुरेन्द्र चौधरी मआर राखी बघेल का विशेष योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

## सर्व ब्राम्हण सभा द्वारा आयोजित किया तहसील स्तरीय होली मिलन समारोह

**गाडरवारा।** रंग गुलाल की बौछार के बीच बीते हुये दिवस सर्व ब्राह्मण महासभा ने तहसीलस्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन पूर्व विधायक पंडित संजय शर्मा के मुख्य अतिथिय में एवं पंडित मैथिलीशरण तिवारी के विशिष्ट अतिथिय में नगर के आचार्य महल में किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान परशुराम और आदिगुरु शंकराचार्य जी के पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी स्वजातीय बंधुओ ने एक दूसरे पर फूलों की पंखुड़ियां बरसा कर एवं गुलाल और अंबीर लगाकर रंगों के पर्व की बधाई देते हुए एक दूसरे के प्रति मंगलमय जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में बुराई पर अच्छाई के प्रतीक इस पर्व के सामूहिक आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सामाजिक उत्थान व एकता पर अपने विचार रखें। वही दूसरी ओर नगर के संतोष शर्मा परिवार द्वारा समाज के भवन निर्माण के लिए सर्व ब्राह्मण महासभा को ग्यारह लाख, ग्यारह हजार,एक सौ ग्यारह रुपए का चेक भेंट किया गया। इस मौके पर महासभा के अध्यक्ष महेश अधरुज एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा पुष्प की पंखुड़ियां बरसाकर वरिष्ठजनों का स्वागत किया गया। वही इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक पंडित दीनदयाल ढिमोले, श्रीमती साधना स्थापक, नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, राजकुमार अरेले, नारायण दुबे, विनोद राजोरिया, भानु दीक्षित, राकेश पाठक, बसंत तिवारी सहित विभिन्न ग्रामों से आए हुए विपृ बंधु और मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित थी कार्यक्रम का संचालन अनुपम ढिमोल ने किया और आभार व्यक्त राजीव दुबे द्वारा किया गया।

## विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते आस्तित्व खोते चली जा रही है दूर संचार सेवा

**सांईखेड़ा।** दूर संचार के क्षेत्र में जहां एक ओर निजी कंपनियों द्वारा अपने ग्राहको को नई नई सौगाते प्रदान करने में लगी हुई है, वही दूसरी ओर भारत की सबसे बड़ी दूसर संचार कंपनी में पदस्थ अधिकारियों की उदासीनता के चलते दूर संचार सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में अपना अस्तित्व खोते हुए जान पड़ रही है? क्योंकि जब किसी भी उपभोक्ता का फोन खराब हो जाता है और वह संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत करते हुए उसके सुधार की गुहार लगाता है तो गाडरवारा क्षेत्र में पदस्थ प्रमुख अधिकारियों द्वारा उसके उपकरण में सुधार की बात तो दूर उनकी समस्याओं के निराकरण की ओर ध्यान ही नही दिया जाता है जिसके चलते जहां एक ओर लोगों का देश की सबसे बड़ी दूर संचाकर कंपनी से लोगों का भरोसा उठाता चला जा रहा है? वही इस विभाग में पदस्थ प्रमुख अधिकारियों की कार्य प्रणाली से यह जान पड़ रहा है कि शायद उनके द्वारा निजी कंपनियो को लाभ दिलाने की सोच के चलते इस प्रकार की उदासीनता बरती जा रही है? क्योंकि बीते हुए कुछ माहिनों से देखा जा रहा है कि गाडरवारा व सांईखेड़ा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की दूर संचार सेवा पूर्ण रूप से पटरी से उतरते हुये देखे जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान देना उचित नही समझ रहे है। ध्यान ही नही दिया जा रहा है, जिसके चलते यह सेवा बदहाली की ओर अपना कदम बढ़ाने से नही चूक रही है? जबकि गौर किया जावे तो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस समय देश को डिजीटल बनाने की सोच के साथ कार्य कर रहे है, वही दूसरी ओर केन्द्र की सबसे महतत्व पूर्ण सेवा गाडरवारा क्षेत्र में अधिकारियों की मनमानी व उदासीनता के चलते पटरी से उतरने से नही चूक पा रही है, इस बात की सच्चाई इस समय गाडरवारा दूर संचार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सांईखेड़ा, सालीचौका, गोटीटोरिया, बनवारी सहित क्षेत्र के अन्य गांवों में देखी जा रही है जहां पर लोगों के घरों में लगे हुये टेलीफोन बीते हुए काफी समय से बंद पड़े हुये है या फिर चालू है।

# मादक पदार्थों की तस्करी करने आये दो युवक गिरफ्तार

## आरोपियों के पास से मोटर साईकिल सहित स्मैक जप्त

## वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता

गाडरवारा

कहा जाता है कि जब अधिकारियों द्वारा बुराई को समाप्त करने के लिये पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन किया जाता है तो निश्चित तौर से बुराई के सौदागर पुलिस की पकड़ से ज्यादा समय तक दूर नही रह सकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा क्षेत्र में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि इन दिनों गाडरवारा क्षेत्र मादक पदार्थो के अवैध कारोबार को लेकर जहां मंडी बन चुका है और क्षेत्र की नही बल्कि दूसरे प्रांतों के सौदागर भी यहां पर आकर अपने धंधें को संचालित करने में पीछे नही है। मगर उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी की टीम द्वारा मादक पदार्थो के सौदागारों के खिलाफ जिस तरह अपना डंडा घुमाया जा रहा है उसके चलते वही सलाखों के पीछे पहुंचने से नही चूक रहे है। इस बात की सच्चाई बीते हुये दिवस उस समय देखने मिली जब मुखबिर की सूचना पर मारे गये छापे के दौरान राजस्थान प्रांत सहित राजगढ़ निवासी दो युवकों को पकड़ने में पुलिस द्वारा सफलता हासिल की गई। इस संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में नशे के विरूद्ध चलाये ला रहे अभियान के तहत लगतार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में बीते हुये दिवस उप पुलिस




अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन व नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के नेत्व में गाडरवारा पुलिस टीम द्वारा वाहन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान सोनी वेयर हाउस के पास साईखेड़ा रोड पर पुलिस को दो संदिग्ध व्यक्ति मोटर साईकल पर के साथ दिखाई दिये। मगर वह पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे तो पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर घेराबंदी कर दोनो युवकों को पड़ते हुये जब उनसे पूछताछ की गई तो उन्होने ने अपना नाम मांगीलाल उर्फ विकास तवर पिता चंपालाल तवर उम्र 32 वर्ष निवासी बोरदाश्री थाना भोजपुर जिला राजगढ़ एवं दूसरे युवक ने अपना नाम मुकेश तवर पिता राधाकिशन तवर उम्र 23 वर्ष निवासी मोईकला कोहड़ीझर थाना बालथा जिला झालावाड़ राजस्थान बताया गया। इस तरह दोनों संदिग्धों की पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उनके पास से पुलिस को 8 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक पावडर दो मोबाईल फोन मिले। इस तरह पुलिस द्वारा दोनों युवकों को अपनी गिरप्त में लेते हुये उनके पास स्मैक पावडर मोबाईल व मोटर साईकिल को जप्त करते हुये एनडीपीएस एक्ट का मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया। वही जप्त किये गये मादक पदार्थ की कीमत अनुमानित तौर पर 1 लाख 21 हजार रूपया आकी । रही है। वही पुलिस द्वारा इस सफलता का खुलासा करते हुये बताया कि इस प्रकरण में जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ स्मैक के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा बताया गया कि उक्त स्मैक कुछ दिन पूर्व गिरीराज पिता रामलाल निवासी सुंदरपुरा देवझिरी राजगढ़ से खरीदकर लाया हुआ था? पुलिस का कहना है कि बते हुये 21 मार्च 2024 को गाडरवारा पुलिस टीम द्वारा आरोपी नीलेश पिता प्रेमकुमार कौरव उम्र 33 वर्ष नि. बम्हौरी मकनवारा से 8 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जप्त की गई थी। उस दौरान आरोपी नीलेश कौरव ने पूछताछ पर उक्त स्मैक विक्रय हेतु प्रकरण के आरोपी मुकेश तवर पिता राधाकिशन तवर उम्र 23 वर्ष निवासी मोईकला कोहड़ीझर थाना बालथा जिला झालावाड़ राजस्थान से खरीदना बताया गया था। जिसके चलते दोनों आरोपीगण के विरूद्ध थाना गाडरवारा में एन.डी.पी.एस. एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचनारत है । इस तरह मादक पदार्थ के साथ पकड़े गये दोनों आरोपियों को पकड़ने में प्रमुख भूमिका उप निरीक्षक नीलेश बड़कुर, प्रधान आरक्षक राम गोपाल सिंह राजपूत, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, आरक्षक सुजीत बागरी रही है तो संपूर्ण कार्यवाही में वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे,आरक्षक बालकिशन रघुवंशी, सिद्धार्थ मिश्रा, अभिषेक सूर्यवंशी, ऐश्वर्य वेंकट को विशेष योगदान रहा है।

# रंग पंचमीं पर नगर में फैला मातम

## अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोर की हुई मौत

**गाडरवारा।** खुशियों से परिपूर्ण माने जाने वाले होली त्यौहार को लेकर पता नही गाडरवारा शहर पर कौन से ग्रहण लगा हुआ है जिसके चलते होली के शुरूआत से ही समापन तक नगर में दुखद घटनाओं के चलते मातम का परिदृश्य देखने मिल रहा है। ज्ञात हो कि होलिका दहन के उपरांत धुरडी के मौके पर जब कुछ बच्चें होली खेलने के उपरांत नर्मदा स्नान करने के लिये ककरा घाट गये हुये थें उस दौरान अचानक गहरे पानी में जाने के चलते पांच बच्चे डूब गये थें। मगर मौजूद लोगों द्वारा चार बच्चों को बचान में सफलता हालिस कर ली गई थी। मगर नगर के होनहार




युवा पार्थ पलोड़ की जिन्दगी नही बच पाई थी। इस तरह रंगों से भरे हुये होली त्यौहार के की शुरूआत जिस तरह मातम के बीच संपन्न हुई। मगर होली त्यौहार की बिदाई लेने वाला पर्व पंचमी पर लोगों ने सोचा था कि अब गम को भुलाकर रंग पंचमी खुशी के साथ मना लेगे। मगर रंगपंचमी के एक दिन पहले ही नगर के समीप घटित हुई सड़क दुर्घटना में फिर एक किशोर की मौत ने जहां संपूर्ण नगर में मातम का आलम ला दिया गया था तो दूसरी ओर रंग पंचमी के बीच जब मासूम की शव यात्रा निकली तो नगरवासियों की आंखों में आंसू छलकने से नही चूक पा रहे थें। ज्ञात हो कि बीते हुये शुक्रवार की दोपहर गाडरवारा से कामती की ओर जाने वाले मार्ग पर नगर के एकलव्य स्कूल के संचालक राहु मिश्रा के छोटे भाई रोहित मिश्रा का पुत्र देवाशीष मिश्रा उम्र लगभग 16 वर्ष जब अपने बाइक क्रमांक उम पी 49 बी ए 4703 से कही जा रहा था उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन द्वारा किशोर को इस तरह से टक्कर मारी की उसके सिर में गंभीर चोटे आने के कारण देवाशीष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही घटना को लेकर पुलिस द्वारा किशोर के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है। इस तरह पांच दिन के अंदर घटित हुई इस तरह की दो अलग अलग घटनाओं के कारण नगर के दो होनहार युवकों की मौत के चलते शहर में मातम का महौल दिखाई देने से नही चूक पा रहा है।

# पलोहा पुलिस द्वारा आरोपी के पास से जप्त की गई भारी मात्रा में अवैध शराब

**गाडरवारा।** होली त्यौहार तथा लोकसभा चुनाव शांति पूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे ''आपरेशन प्रहार'' के तहत समीपस्थ पलोहा पुलिस द्वारा एक आरोपी से पकडी 360 पाव देशी शराब। इस संबंध में बताया जाता है कि मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त



हुयी कि ग्राम भटेरा का रहने वाला पवन लोधी पिता लाल साहब लोधी निवासी भटेरा का अपने घर के पीछे साईड में फट्टे से ढककर शराब रखकर बिक्रय कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये रेड कार्यवाही की गयी जिसके परिणाम स्वरूप चैक करने पर एक सफेद क्रीम कलर की पेटी में 188 पाव देशी प्लेन शराब एवं एक खाकी कलर के कार्टुन में 46 पाव मशाला देशी मदिरा के एवं एक सफेद रंग की बोरी में 72 पाव देशी प्लान शराब कुल 306 पाव देशी मशाला एवं देशी प्लेन शराब कीमत करीबन 28460 रूपये के मौके पर मौके पर जप्त किया गया आरोपी के द्वारा अपराध धारा सदर 34 (2) आबकारी एक्ट का घटित करने पर थाना पलोहा पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मामला कायम कायम कर विवेचना में लिया गया आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्यवाही में मुख्य रूप से थाना प्रभारी उनि. अनिल कुमार भगत, उनि. कामता प्रसाद ठाकुर, सउनि. हीरा लाल आम्रवंशी, सउनि. संतोष सिंह राजपूत, आरक्षक अतुलराज नैगी, आरक्षक नीलेश चौरसिया, महिला आरक्षक सीमा की अहिम भूमिका रही।

# खंडहर में तब्दील हो रहा कभी गुलजार रहने वाला जनपद भवन

**गाडरवारा।** नगर में कुछ शासकीय इमारते ऐसी है जिनकी प्रशासन द्वारा उपेक्षा और उनके रख रखाब करने की अनदेखी की बजह से वे बदहाल होती चली जा रही है। इन जर्जन इमारतों का बारिश में ढहने का खतरा रहने के बाबजूद प्रशासन हरकत में नही आता जिसके कारण आंधियों, बारिश झेलने के बाद ये कीमती इमारते या तो खुद टूटने लगती है या फिर उनकी निर्माण सामग्री चोरी होने का सिलशिला शुरू हो जाता है जिसकी सच्चाई नगर में जहां तहां बनी हुई शासकीय इमारतों के बदहाल होने की स्थिति में दिखाई पड़ रही है? जानकारी के अनुसार पुलिस लाईन में बने पुलिस कर्मियों के क्वार्टर, थाने के सामने बना तहसीलदार का बंगला, पुलिस की पुरानी चौकी परिसर मं बने आरक्षकों के आवास, आवकारी विभाग का भवन तथा शासकीय अस्पताल के पास स्थित टी वी वार्ड सहित अन्य कुछ शासकीय कार्यालयों में अंग्रेजो के जमाने में निर्मित भवनों की हालत शोचनीय होती चली जा रही है। गौरतलब है कि नगर के पलोटन गंज इलाके में बने हुए कृषि विभाग और पुराने जनपद भवन को समय की मार पहले जर्जर कर दिया था, जिसके चलते वह खंडहर हो चुका है, ज्ञात हो कि इसमें कृषि विभाग के भवन का पुनःनिर्माण का काम फिलहाल चल रहा है किन्तु कभी गुलजार रहने वाला जनपद भवन तो पूर्ण रूप से खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। बताया जाता है कि जनपद पंचायत सांईखेड़ा के स्वामित्व में आने वाले उक्त बेश कीमती भवन के खपरे, सागौन की लकड़ियां सहित अन्य सामग्रीृ गायब हो चुकी है तथा शेष रही भी लगातार गायब होती चली जा रही है तथा उसके भीतरी भाग में भीषण गंदगी व्याप्त होने के कारण जहरीली कीड़े जन्म ले रही है, इस हालत में पड़े हुए शासकीय भवनों को लेकर लोगों का कहना है कि पलोटन गंज का जनपद भवन कब ढहने की कगार पर आ जाए इसकी कल्पना नही की जा सकती है..? वही लोगों कहना है कि यदि प्रशासन अपनी इस बेशकीमती संपत्ति को लेकर अच्छी सोच बनाये तो निश्चित ही यहां पर काम्पलेक्स सहित अन्य चीजों का निर्माण हो सकता है जिससे शासन को आये होने के साथ बेरोजागरो के लिए आय का साधन साबित हो सकता है? मगर प्रशासन की उदासीनता के चलते सह सब हो पाना मुश्किल ही जान पड़ रहा है।

# गांवों में लाखों की टंकी दिखाई दे रही शोभा की सुपारी, गर्मी आने क पहले ही अनेक गांवों में बूंद बूंद पानी को भटते हुए देखे जाने

**मनकवारा।** शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा की दृष्टि से भले ही नल-जल योजनाओं का गांव गांव शुभारंभ किया गया हो,.. लेकिन इन योजनाओं का ग्रामीणों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे अनेक पंचायतों में वर्षो पहले इस तरह पानी की टंकी स्वीकृत हो चुकी है मगर अभी तक बन ही नही पाई है तो कई पंचायतों में टंकिया का निर्माण होने के बाद इस योजना के शुभारंभ के कुछ समय बाद ही योजनाएं बंद पड़ी हुई हैं। पानी की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर शासन प्रशासन द्वारा नल-जल योजना और स्थल जल योजना चलाई जा रही है। जिसके चलते अनेक पंचायतों में सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुए पानी टंकी बनबाते हुए बीते हुए कुछ वर्ष पहले इन योजनाओं को शुरू तो करा दिया गया है। मगर इस इस योजना से ग्रामीणों को कोई खास लाभ नहीं मिल पा रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि जल संकट हर तरफ बढ़ता ही जा रहा है। हालाकि योजनओं का उद्देश्य ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध कराना है। लेकिन पानी सप्ताह में एकाध बार भी पानी सही ढंग से नहीं मिलता है। इन योजनाओं के बंद होने का कारण भी अलग अलग है। कुछ तो जल स्त्रोत सूखने के कारण बंद हो रही है तो कुछ बिजली कनेक्शन काटने तथा अन्य कारणों से बंद हो चुकी हैं, वही दूसरी ओर कुछ ग्राम पंचायतों में देखा जा रहा है कि पानी टंकी के निर्माण में बरती गई गफलतबाजी के चलते पानी टंकियों में पानी भरते ही पानी टपकना शुरू हो जाता है, जिसके चलते नलजन योजना के ना पर करोड़ो खर्च किये जाने के बाद भी वह उपयोगी साबित नही हो पा रही है। वही गौर किया जावे तो पीएचई विभाग द्वारा इन योजनाओं के शुरू होने के बाद बंद होने की सूचना मिलने पर बरती गई उदासीनता के चलते ग्रामीणों को गर्मी के दौरान पीने के पानी को लेकर भटकते हुए देखा जा रहा है। कहाँ लागू होती है नल-जल योजनाः- पीएचई विभाग के अनुसार नल-जल योजना 2 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में क्रियान्वित की जाती है, इस योजना के तहत एक ट्यूबवैल से अनेक नल कनेक्शन पाईप लाईन में



बिछाकर दिये जाते हैं। घरों में कनेक्शन के बाद पानी की सप्लाई पंचायत स्तर से प्रतिदिन या फिर वहां पर जैंसी पानी की स्थिति होती है के अनुसार की जाती हैख बदले में पंचायत द्वारा कनेक्शनधारियों से शुल्क भी लिया जाता है। कहाँ लागू होती है स्थल जल योजनाः- एक हजार से कम आबादी वाले ग्रामीण क्षेक्षें में स्थल जल योजना संचालित की जाती है। इस योजना में ट्यूबवैल करके उसी में मोटर पंप लगाकर कई नल लगा दिये जाते हैं और ग्रामीणों को स्पाट पर ही पानी दिया जाता है। इस योजना में घरों में कनेक्शन नहीं दिये जाते हैं। लोगों को ट्यूबवैल पर ही लगे नलों से पानी भरना पड़ता है। इस योजना को नल-जल योजना में गांव की आबादी बढ़ने पर परिवर्तित कर दिया जाता है।

# रंग पंचमी पर हुर्रियारों ने शहर की सड़क को किया रंग गुलाल से सराबोर, खूब उड़ी सात रंगों की सतरंगी गुलाल, शांति व्यवस्था बनाने के लिये चप्पे चप्पे पर तैनात रहा पुलिस प्रशासन

**गाडरवारा।** होलिका दहन से प्रारम्भ हुआ होली का पांच दिवसीय त्यौहार आखिरकार शांति, सद्भावना के साथ रविवार को रंग पंचमी के साथ समाप्त हो गया। बीते हुये पांच दिनों में देखा गया कि रंगों से भरा हुआ यह त्यौहार मनाने के दौरान होली खेलने वाले शहर के निवासियों ने इंद्र धनुषी रंग, अबीर, गुलाल की नगर में बारिश करने में जो कसर लोगों ने धुरडी के अवसर पर छोड़ी थी शायद उसे कल शनिवार को रसबंती रंग पंचमी के मौके पर पूरा कर दिया। इस तरह कल रंग पंचमी चलते नगर सहित क्षेत्र के गांवों की सड़के सतरंगी दिखाई देने से नही चूक पा रही थी। क्योंकि कल रंग पंचमी के मौके पर युवा और बच्चे सुबह से ही फुल मौज मस्ती करने के मूड में नजर आ रहे थें। जिसके चलते देखा गया कि युवा, बच्चें अपने चेहरों पर अनेक प्रकार के मुखौटे पहन अपने हाथों में रंग के पैकिटो व पिचकारियो से लैस होकर रंग पंचमी को रंगो से नगर की गलियों को लाल करने के लिए शहर की सड़कों पर आने लगे थे और शहर के वार्डो व कालोनियों की गलियों में फागों तथा होली गीतों की स्वर लहरियॉ उमड़ने लगी थी और सभी में जोरदार तरीके से रंग पंचमी का त्यौहार मनाने का उत्साह चरम पर आया प्रतीत हो रहा था और अधिकतर युवा मन को तंरगित करने वाला प्रचालित पेय और भंग का सेवन कर कदम थिरकाते हुए अपने साथियो, शुभ चिंतको के चेहरे पूरी तरह रंग लगाने के लिए बेताब दिखायी पड़ रहे थें। कल रंग पंचमी के मौके पर देखा गया कि नगर में देखा गया कि लोग सुबह 10 बजे के बाद रंगे के त्यौहार की आखिर बेला यानि की रंग पंचमी का खूब आनंद उठाने के लिए बेताब होने के चलते शहर की सड़के ढोल ढमाको की



आवाज पर झूम उठी थी। वही युवाओं में बिदाई लेती हुई होली खेलने का जोस होने से उन्होंने शरारती अंदाज में अपनें परिचितो के माथे पर गुलाल का टीका लगा उन्हें न केवल रंगो से सराबोर किया बल्कि खोज खोज कर अपने साथी लोगों पर रंग बरसाने से नही चूके जो होली पर रंग डलवाने से बचते हुए अपने घरों में छिपकर बैठे हुए थें। मगर पूर्ण मस्ती का त्यौहार होने के चलते दोस्तों ने अपने अपने घरों में छिपने का प्रयास कर रहे दोस्तों को अपने अपने घरों से निकालकर रंगने में कोई कसर नही छोडी गई है। वही बताया जाता है कि शहर के मजदूरो, गरीबो के घरों में रंग पंचमी का त्यौहार विशेष रंग ढंग के साथ मनाया गया। इस मौके पर गरीब महिलाओं ने बाहरी संसार से बेखबर रहते हुए आपस में खूब रंग खेला और पुराने सपाट भाषा के होली गीत गाकर अपने घरों के वातावरण को सरस कर दिया। इस प्रकार से रंग पंचमी पर शाम तक युवाओं से लेकर बच्चों में रंगों की होली खेलने सिलसिला चलता रहा और लोक कलाएं चहुॅओर देखने मिली तथा राही, लोकगीत गाते हुए वातावरण को रस पूर्ण बनाते दिखायी दिए। रंग पंचमी पर यह भी देखने में आया कि नगर के नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित पार्षद, प्रमुख राजनीतिक दलो के कार्यकर्त्ता, शासकीय कर्मचारी, अधिवक्ता, पत्रकार भी रंग डलवाने से बच नहीं पाये और अनेक लोगों ने केवल हर्बल रंगो, गुलाल, अबीर का प्रयोग कर ही शहर की धरती को सतरंगा बना दिया गया था। मगर इस वर्ष अलग अलग घटनाओं के चलते नगर में दो मासूमों की मौत के चलते लोगों में गम देखने मिला तो दूसरी ओर घरों से होली खेलने के लिये निकले हुये अपने बच्चों को लेकर उनके परिजन चिंता में देखे गये। क्योंकि होली त्यौहार के बीच धुरडी के दिन जिस तरह नगर के कुछ युवा होली खेलने के बाद जिस तरह नर्मदा स्नान करने के लिये ककरा घाट गये हुये थें जहां पर नर्मदा नदी में डूबने से एक युवक की मौत तो दूसरी ओर रंग पंचमी के एक दिन पहले यानि की शुक्रवार की दोपहर नगर के समीप सड़क दुर्घटना में एक किशोर की मौत ने नगर के होली त्यौहार के बीच शोक का महौल निर्मित करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है? इस तरह होली त्यौहार के बीच दो मासूमों की मौत के चलते होली खेलने के लिये घरों से निकले हुये किशोरों को लेकर उनकी वापसी तक परिजन चिंता में नजर आये? इस प्रकार से पांच दिवसीय होली के त्यौहार को लेकर प्रशासन द्वारा भी शांति पूर्वक इस त्यौहार को संपन्न कराने के लिये पूरे प्रबंध किये गये थें,



जिसके चलते देखा गया कि रंग पंचमी के मौके पर जगह जगह पुलिस बल तैनात रहते हुये युवाओं की मस्ती पर नजर रखे हुये था और इसी के चलते पूर्ण शांति पूर्ण तरीके से यह होली त्यौहार संपन्न हुआ। क्षेत्र में कही से भी किसी प्रकार से कोई अप्रिय घटना सामने आते हुये दिखाई नही पड़ी। इसी प्रकार से समीपस्थ सांईखेड़ा, सालीचौका, चीचली, खुलरी, कौडिया, पलोहा, बारहाबड़ा सहित क्षेत्र के अनेक गांवों के लोग रंग पंचमी के मौके पर खूब रंग गुलाल की मस्ती में मस्त देखे गये। इस संबंध में जब उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक उमेश तिवारी से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि जिस प्रकार से गाडरवारा नगर के बारे में कहा जाता है कि लोग हर त्यौहार को पूर्णरूप से मिलजुलकर मनाने की परम्परा रही है। उसी प्रकार से यह होली त्यौहार भी लोगों द्वारा पूर्ण शांति से मनाते हुये एकता का परिचय दिया गया है। क्योंकि होली के दौरान कही से भी किसी प्रकार से कोई अप्रिय घटना घटित होने की जानकारी नही मिली। इस प्रकार से शांति पूर्वक होली त्यौहार संपन्न हुआ है। इसी प्रकार से जब स्थानीय शासकीय चिकित्सालय के चिकित्सा प्रभारी आशुतोष मेहता से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि होली का पांच दिवसीय त्यौहार पूर्ण शांति पूर्वक संपन्न हुआ। क्षेत्र में किसी भी प्रकार से कोई घटना घटित होने की बारदाते सामने नही आई है, वैसे भी हमारी टीम होली व रंग पंचमी के दिन शासकीय चिकित्साय में पूर्णरूप से तैनात रही



खबर संक्षेप

## होली से शुरू रंगोत्सव में उड़ा रंग और गुलाल हुआ पारंपरिक फाग गायन



**मेंहदवानी।** उमंग, उल्लास का प्रतीक रंगों का त्योहार होली में मुख्यालय मेंहदवानी, सारसडोली एवं कठौतिया सहित आसपास के गांवों में जमकर रंग और गुलाल उड़ा। ग्रामीणों ने होलिका दहन के बाद से शुरू हुए रंगोत्सव में बच्चों की टोली रंगों से सराबोर रहे। वहीं बड़े बुजुर्ग भी एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। रंगपंचमी में हुरियारे रंगों से सराबोर डीजे की धुन पर जमकर डांस करते रहे। रंग गुलाल के साथ महिलाओं ने भी मोर्चा खोल दिया और नाचते गाते हुए एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर जमकर होली खेली। बड़े बुजुर्गो ने होली के दिन से लेकर रंगपंचमी तक ग्राम के गणमान्य नागरिकों के घरों में पारंपरिक फाग गायन किया।

## स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**डिंडौरी।** दिनांक 29.03.2024 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय, एवं श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) महोदय अनुभाग बजाग जिला डिण्डौरी के निर्देशन पर स्थाई वारंटियों की पता तलाश हेतु थाना स्तर पर टीम गठित कर माननीय न्यायालय जिला डिण्डौरी के प्रकरण क्रमांक 987ध्2020 एवं थाना समनापुर के अपराध क्रमांक 459ध्2020 धारा 498ए, 323,506 ता0हि0 में स्थाई वारंटी सूरज यादव पिता तिहारी यादव उम्र 30 साल निवासी ग्राम टेकरी टोला समनापुर थाना समनापुर एवं प्रकरण क्रमांक 688ध्2015 अप0क्रमांक 52ध्2015 धरा 295,323,506 ता0हि0 में स्थाई वारंटी आरोपी परसादी बैगा उम्र सन्तू बैगा उम्र 20 वर्ष निवासी बैगान टोला झांकी थाना समनापुर को विधिवत गिरफतार कर मेडीकल परीक्षण उपरांत माननीय न्यायालय में पेश किया गया हैं उक्त दोनों स्थाई वारंटियों की पता तलाश करने निरीक्षक कामेश कुमार धुमकेती, प्र0आर0 297 कृष्णपाल सिंह ,प्र0आर0 19 पवन धुर्वे, आरक्षक 20 जगदीश प्रसाद, आरक्षक 362 आशीष घरडे, आरक्षक 236 गोकुल पाटीदार, आरक्षक 32 अरविन्द, आरक्षक 78 सियाराम मरकाम थाना समनापुर की अहम भूमिका रहीं हैं।

## महुआ के पेड़ में अधेड़ ने लगाई फांसी

**मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी अन्तर्गत ग्राम ताला निवासी 50 वर्षीय अधेड़ रतिराम पिता गुहा ने अज्ञात कारणों से बुधवार को महुआ के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार मृतक के बड़े भाई पतिराम ने पुलिस को बताया कि मैं महुआ बीनने चला गया था लगभग 11 बजे मेरे पड़ोसी ने फोन कर मुझे जानकारी दी कि तुम्हारा भाई रतिराम महुआ के पेड़ पर स्वयं के गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है जिसका शव अभी पेड़ पर लटका हुआ है। सूचना मिलने पर मेंहदवानी पुलिस मौके पर पहुंच गई और पंचनामा की कार्यवाही कर शव कब्जे में लेकर मर्चुरी में रखवाया। गुरुवार को शव परीक्षण होने के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

## ब्राह्मण समाज सेवा समिति का होली मिलन समारोह आज

**अनूपपुर।** ब्राह्मण समाज सेवा समिति के जिला महामंत्री अनिल तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन वार्ड नं 11 भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण बस्ती रोड़ जी.एम.बंगला के पास अनूपपुर में किया जाना तय किया गया है। उक्त समारोह में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज द्वारा हर वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया है। उन्होंने ने जानकारी दिया कि कार्यक्रम तय समय के अनुसार सायंकाल 04.30 बजे 31 मार्च रविवार के दिन रखा गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग कार्यक्रम में हिस्सा ले सके उन्होंने अपने अपने इष्ट मित्रों के साथ कार्यक्रम मे सर्व समाज के लोगों से अपील की है।

### नियमों को ताक में रखकर मनरेगा अधिकारी ने कर दिया भुगतान

# जनपद पंचायत बजाग अंतर्गत अनेक काम के भुगतान में लापरवाही

वैसे तो जनपद पंचायत बजाग में कमीशनखोर अफसरों और इंजीनियर की लापरवाही आए दिन सामने आती है वहीं मनरेगा भुगतान में इस बार कमीशनखोरी की महक सीईओ से लेकर मनरेगा अधिकारी तक आ रही है जिसमें बेखौफ होकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले में आखिर किसकी भूमिका संदेहास्पद है।

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाला जनपद पंचायत बजाग अब भी भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी से अछूता नहीं है। लगातार अनियमितताओं और घटिया निर्माण कार्य पर आंख बंद करके रहने वाला जनपद पंचायत एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जनपद पंचायत बजाग में पदस्थ भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी अपनी लापरवाहियों के चलते बढ़े स्तर पर लापरवाही को बढ़ावा दे रहे हैं।जनपद पंचायत बजाग में विगत कुछ दिनों से मनरेगा के कार्य का भुगतान किया गया है जिसमें मनरेगा अधिकारी के ए पी ओ और सीईओ की भूमिका संदेहास्पद है। अनेक स्थानों पर


मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद

जनपद में पदस्थ कर्मचारियों ने पुराने कार्यों को नजरंदाज कर चहेते सप्लायरों का आनन फानन में भुगतान कर दिया है। वहीं दूसरी ओर जिनका भुगतान किए जाने को लेकर राशि जारी की गई थी उनको भुगतान ही नहीं किया गया है। अनेकों ग्राम पंचायत से इस विषय पर जानकारी एकत्र की गई है जिसमें यह जानकारी प्राप्त हुई है कि राशि आने से पहले अनेक कार्यों के मूल्यांकन किए गए थे उनके भुगतान के लिए राशि तो आई मगर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने फायदे के लिए नियम को नजरंदाज कर भुगतान कर दिया है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन द्वारा इस तरह के लापरवाह अफसरों और कर्मचारियों पर क्या कार्यवाही की जाती है या इस तरह के नियमों की धज्जियां उड़ाते अधिकारियों को संरक्षण दिया जाता है।

## कर्मचारियों की कमी के चलते प्रभावित हो रहा जनता का काम

### प्राइवेट कर्मचारियों के भरोसे तहसील कार्यालय में मनमानी पूर्वक हो रहे संचालित कार्य

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**



तहसील मुख्यालय को अनुविभाग बने पिछले एक साल हो गए हैं पर जमीनी स्तर पर देखा जाए तो तहसील की सेवाएं ही लोगों को प्राप्त नहीं हो रही है। तहसील कार्यालय में दो तहसीलदार पदस्थ हैं जिसमें एक बजाग और एक गाड़ासरई वृत्त का पदभार सम्हाल रहे हैं पर तहसील कार्यालय में लिपिक/लेखापाल की कमी के चलते क्षेत्र की जनता का काम ही नहीं हो पाता है। जनता दिनभर काम का इंतजार करती है और काम ना होने पर हताश होकर घर चली जाती है। जानकारी अनुसार लोगों ने बताया कि तहसील कार्यालय में महिनों से चक्कर काटने के बाद भी कार्य नहीं हो पा रहे हैं। तहसील कार्यालय में लिपिक की कमी के चलते प्राईवेट कर्मचारियों के भरोसे तहसील कार्यालय में महिनों से कार्य संचालित किया जा रहा है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव से कुछ दिनों पहले एस डी एम कार्यालय का शुभारंभ किया गया था पर जल्द बाजी में प्रारंभ किए गए इस कार्यालय में कर्मचारियों की कमी लोगों की समस्या में बढ़ोतरी कर रहा है।

## थाना कोतवाली डिंडौरी पुलिस को मिली सफलता

### एक दिन में 2 स्थाई वारंट कराये गए तामिल

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**



पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा स्थाई वारंटियों एवं फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय डिण्डोरी श्रीमती वाहिनी सिंह (भा. पु .से) के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी डिण्डोरी के .के त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डिण्डोरी कोतवाली एम एस धुर्वे उप निरीक्षक अनुराग जामदार नेतृत्व में दिनांक 29.03.2024 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा सहायक उप निरीक्षक शेख सिराज के विश्वसनीय मुखबिरों की सूचना पर माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रमांक आर सी टी 759/17 अप क्र 758/16 धारा 4,6क ,ख 11(घ) पशु क्रूरता अधिनियम में जारी स्थाई वारंटी अम्रत लोहार पिता सुखलाल लोहार निवासी कोहका डिण्डोरी को ग्राम मेडाखार थाना करंजिया डिण्डोरी से तथा इसी परमार एक अन्य प्रकरण क्रमांक आर सी टी 1777/17 अप क्र 805/17 धारा 294,323 ता. हि में जारी स्थाई वारन्टी भुवन दास पिता प्रभू दास पड़वार उम्र 50 वर्ष निवासी चरकुटिया थाना डिण्डोरी जो अमरकंटक क्षेत्र में रह रहा था गिरफ्तार किया गया उपरोक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी डिण्डोरी तथा उप निरीक्षक अनुराग जामदार सहायक उप निरीक्षक शेख सिराज,आर 335 विनोद माहोर, का विशेष योगदान रहा है ।

## तत्कालीन सहायक आयुक्त पर 10 हजार का ईनाम घोषित

**डिंडौरी।**

पुलिस अधीक्षक ने तत्कालीन सहायक आयुक्त अमर सिंह उईके पिता राम कृपाल उइके पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। सहायक आयुक्त के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने 21 फरवरी को 420,409,34 एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया था। तब से सहायक आयुक्त फरार है। पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह ने बताया कि सिटी कोतवाली पुलिस की ओर से तत्कालीन सहायक आयुक्त अमर सिंह उइके की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने जबलपुर, सिवनी, शहडोल में कई बार प्रयास किया है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इसलिए फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस रेजुलेशन के अनुसार सूचना देने वाले व्यक्ति को दस हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा करती है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

### छात्रवृति घोटाले के मामले में सहायक आयुक्त ने कराया था अपराध दर्ज

वर्तमान सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला ने विभागीय अधिकारियों के निर्देश मिलने के बाद 21 फरवरी को सिटी कोतवाली पहुंचकर छात्रवृति घोटाले में राशि लगभग 2 करोड़ 59 लाख के गबन की शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपराध दर्ज किया था। जिस दिन सिटी कोतवाली पुलिस अपराध दर्ज कर रही थी, उस दिन तक अमर सिंह उइके सिवनी जिले में सहायक आयुक्त के पद पर पदस्थ थे।

## अनूपपुर ग्रामीण मंडल की बैठक संपन्न

**अनूपपुर।** शहडोल संसदीय क्षेत्र लोकसभा चुनाव तैयारी को लेकर अनूपपुर जिले के विधानसभा अनूपपुर 87 के सभी मंडल में भाजपा मंडल कार्यसमिति बैठक का आयोजन किया गया। अनूपपुर नगर मंडल एवं अनूपपुर ग्रामीण मंडल की बैठक मुख्यालय अनूपपुर में तो फुनगा मंडल की बैठक बदरा मे वही पसान मंडल की बैठक पसान मे संपन्न हुआ। विधानसभा संयोजक जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह परिहार, अनूपपुर ग्रामीण मंडल प्रभारी एवथ जिला महामंत्री जितेंद्र सोनी, फुनगा मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष रामअवध सिंह, पसान मंडल प्रभारी एवं व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक राकेश कुमार गुप्ता, विधानसभा विस्तारक हेमंत पाण्डेय, अनूपपुर मंडल अध्यक्ष शिवरतन वर्मा, अनूपपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण फुक्कू सोनी,सभी मंडल महामंत्री, मंडल उपाध्यक्ष, मंडल कार्यसमिति सदस्य कार्यकर्तागण बैठक में उपस्थित रहे।

## मेंहदवानी पुलिस ने फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।**

पुलिस अधीक्षक डिंडौरी एवं एसडीओपी शहपुरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मेंहदवानी प्रभुदास मोंगरे के द्वारा गठित पुलिस टीम ने विगत 8 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जानकारी के अनुसार ग्राम इमली टोला सुड़गांव निवासी स्थाई वारंटी केहर सिंह पिता सुम्मत उम्र लगभग 30 वर्ष सन 2016 से अपराध घटित करने के बाद से फरार था जिसे मेंहदवानी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में एएसआई सुनील पटैल, प्रधान आरक्षक कमलेश भवेदी,आरक्षक ताहर सिंह, आरक्षक दिनेश लोधी की विशेष भूमिका रही।



## बेलापार के जंगल में युवक ने लगाई फांसी, मृतक की हुई शिनाख्त



**अनूपपुर।**

अनूपपुर कोतवाली से 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत पिपरिया के बेलापार के जंगल में शुक्रवार की देर शाम एक अज्ञात युवक की जंगल के अंदर फांसी लगाकर मृत एवं सड़ी हुई स्थिति में शव पुलिस ने बरामद किया रहा जिसकी देर रात मृतक के कपड़ों से मिले दस्तावेज के आधार पर पहचान हो सकी। शनिवार की सुबह परिजनों की उपस्थिति में मृतक के शव का पंचनामा एवं डॉक्टर टीम से शव परीक्षण कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौपा गया मृतक एक माह पूर्व से अपने ग्रह ग्राम से खाने-कमाने के लिए निकला रहा है। इस संबंध में अब तक मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर से 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत पिपरिया के बेलापार गांव से लगे जंगल पीएफ 353 जो तिपान नदी से घुईघाट में है जिसमें शुक्रवार की शाम बेलापार गांव के शिवनारायण राठौर अपने पालतू दो मवेशियों को जो गुम गये थे जिनको खोजने के लिए तिपान नदी के किनारे-किनारे खोजबीन कर रहा था। इसी दौरान घुईघाट जंगल के अंदर से तेजी से दुगंध आने पर नजदीक जाकर देखने पर एक व्यक्ति फांसी लगे हुए स्थिति में होने जिसका शव बुरी तरह सड गया था जिसको देखने बाद घर जाकर हंड्रेड डायल पुलिस एवं कोतवाली पुलिस को सूचना दी सूचना मिलने पर कोतवाली अनूपपुर पुलिस रात के समय घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को फांसी से उतारा घटनास्थल के आसपास मृतक के विभिन्न तरह की सामग्री एवं शराब की एक बोतल पड़ी मिली। मृतक के जेब से प्राप्त दस्तावेज पर उसकी पहचान भुनेश्वर बैगा पिता स्व. मनोहर बैगा उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 11 पानी टंकी के पास नौरोजाबाद जिला उमरिया का होना पाए जाने पर दूरभाष के माध्यम से पुलिस ने पहचान की। सूचना पर शनिवार की सुबह मृतक के परिजनों की उपस्थिति में शव की पहचान होने बाद पंचनामा एवं डॉक्टरों की टीम से मृतक के शव का पीएम कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौपा गया। इस दौरान मृतक की मां ताराबाई बैगा ने बताया कि उनका मायका अनूपपुर के नजदीक सेन्दुरी गांव में है तथा शहडोल जिले के धनपुरी थाना अंतर्गत बेम्हौरी गांव में ससुराल है तथा उमरिया जिले के नौरोजाबाद में उसके पति स्व. मनोहर बैगा नौकरी करते रहे तथा वही निवास बनाकर रह रहे हैं उनका यह छोटा पुत्र भुवनेश्वर बैगा विगत एक माह पूर्व से काम की तलाश में घर से निकला रहा है इसके बाद यह घटना कैसी हुई उन्हें जानकारी नहीं है।

## जितेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री के समक्ष ग्रहण की बीजेपी की सदस्यता

### लोकसभा चुनाव में मिलेगा अनुभव का लाभ

**अनूपपुर।**

शहडोल संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में अधिकारी की हैसियत से अपनी सेवाएं दे चुके उत्कृष्ट समाजसेवी एवं राजनीतिक चाणक्य माने जाने वाले जितेंद्र सिंह निवासी जैतहरी मनागंज जिला अनूपपुर द्वारा विगत दिवस भाजपा प्रदेश कार्यालय भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के द्वारा भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई।



### पूर्व से अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा का दिया साथ

उत्कृष्ट समाजसेवी एवं राजनीतिक चाणक्य और ओजस्वी ज्ञान वक्तव्य के धनी जितेंद्र सिंह के द्वारा पूर्व से भी भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपना सहयोग प्रदान किया जाता रहा है उन्होंने बताया है कि 2013 के विधानसभा चुनाव में अप्रत्यक्ष सहयोग के दौरान प्रचार करने के आरोप में मुझे निलंबित कर दिया गया था मेरा पूरा परिवार भाजपा के पक्ष में भरपूर सहयोग करता रहा है। 2016 के लोकसभा उपचुनाव में पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह के साथ मेरे बड़े भाई साहब ने खुलकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने हेतु सहयोग किया गया था। नगर पंचायत जैतहरी के अध्यक्ष उपाध्यक्ष के पूर्व चुनाव में मेरे छोटे भाई के द्वारा भाजपा को जिताने में महत्वपूर्ण योगदान निभाया था। 2018 के विधानसभा चुनाव में मेरे पूरे परिवार के द्वारा बीजेपी के पक्ष में प्रचार किया गया तथा 2019 के उपचुनाव में भी खुलकर मेरे परिवार के द्वारा बिसाहू लाल सिंह का साथ देकर विजई बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया गया। उन्होंने बताया कि मेरे पूज्य पिताजी भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय स्वयंसेवक रहकर अपना पूरा जीवन संगठन को समर्पित कर दिए। सन 1999 से 2023 तक जिला पंचायत अनूपपुर के वार्ड नंबर 5 के निर्वाचन में हमेशा से ही मेरे सहयोगी समर्थित प्रत्याशी को ही विजयश्री मिलता रहा है जो हमेशा भाजपा का समर्थन करते थे। आज तक मेरा संपूर्ण जीवन का इतिहास यही रहा कि मैं हमेशा लोगों के परोपकार कार्य गरीबों की सेवा में लगकर त्याग तपस्या का सिद्धांत अपनाते हुए अपना जीवन समर्पित करके रखा हूं।

### वर्तमान लोकसभा चुनाव में अनुभव का लाभ

जितेंद्र सिंह की भाजपा में प्रत्यक्ष रूप से आ जाने पर उनके चाणक्य रूपी ज्ञान बुद्धि व क्षमता का जनता के बीच भाजपा के पक्ष में मतदान करने में अप्रत्याशित लाभ मिलने की संभावना संजोई जा सकती है उनके कार्य क्षमता के बारे में यदि बात की जाए तो एक कुशल संगठक के रूप में पूरा संभाग इससे भली भांति परिचित है और इस पहचान के लिए उन्होंने कई जिला क्षेत्रीय चुनाव और स्थानीय चुनाव में अपनी कुशल संगठन क्षमता को प्रदर्शित करने में कोई कसर नहीं छोड़ा है जिसका लोहा पूरा जिला और संभाग मानता है। जिसका लाभ भाजपा को लोकसभा वर्तमान चुनाव में घोषित प्रत्याशी श्रीमती हिमाद्री सिंह के पक्ष में मिलना लाजमी है।

## खबर संक्षेप

### विद्युत करंट से युवक की मौत, आज होगा पी एम

**नरसिंहपुर** । शनिवार को थाना क्षेत्र मुंगवानी अंतर्गत ग्राम मढ़वा निवासी एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मढ़वा निवासी संजय पिता खुमेर सिंह ठाकुर उम्र 30 वर्ष दोपहर को गांव के रामदास ठाकुर के खेत में अन्य ग्रामीणों के साथ संबर्सिबल मोटर डालने गया था। मोटर निकालते वक्त उसे हाथ में करंट लगा जिससे वह अचेत होकर वहीं गिर पड़ा। साथी व परिजन उसे लेकर शासकीय जिला अस्पताल आए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। आज मृतक के शव का पोस्टमार्टम होगा ।

### केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन कल से

**नरसिंहपुर** । केंद्रीय विद्यालय में कक्षा प्रथम के लिए 1 अप्रैल 2024 से 15 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन फॉर्म जमा होंगे एवं बाल वाटिका तीन के लिए 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 24 तक आफलाइन जमा होंगे।

### मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



**नरसिंहपुर** । लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं जिला नोडल अधिकारी स्वीप व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में रैली, शपथ, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 30 मार्च शनिवार को रंगपंचमी त्यौहार के अवसर पर जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्तार्ओं और स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाताओं को रंग व गुलाल लगाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर शपथ भी दिलाई गई। ग्राम पंचायत करपगांव, आईसीडीएस चीचली, ग्राम लिलवानी, ग्राम पंचायत खैरी-हथनापुर, ग्राम कुड़ारी, आंगनबाड़ी केन्द्र सलगापुर व बाम्हनवाड़ा, ग्राम पंचायत इमलिया- पिपरिया और ग्राम धनौरा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

### रंग पंचमी पर जम उड़ा रंग गुलाल

**तेंदूखेड़ा-** होलिका दहन के उपरांत पंचमी तिथि पर मनाये जाने वाला रंगों का त्यौहार रंगपंचमी नगर में धूमधाम से मनाया गया। युवाओं की टोलियों ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया। एक दूसरे के चेहरों पर खुशी खुशी रंग लगाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी रंगपंचमी धूमधाम से मनाई गई।

### बढ़ रहीं संक्रामक बीमारियां

**तेंदूखेड़ा-** इन दिनों क्षेत्र मे सर्दी जुखाम बुखार के मरीज बड़ी संख्या मे देखने को मिल रहे है। जिसका प्रमुख कारण मौसम की प्रतूिलता बताई जा रही है। कभी तेज धूप गर्मी तो कभी अचानक मौसम मे ठंडक बादल छाने के बाद रिमझिम बारिस होने जैसी स्थिति के चलते उतार चढ़ाव भरा वातावरण मानव जीवन पर विपरीत असर डाल रहा है। प्रत्येक घर मे सर्दी जुखाम से पीड़ित देखने को मिल रहे है। बायरल बुखार के मरीजों की संख्या भी अस्पतालों मे भीड़ के माध्यम से देखने को मिल रही है।

### रंग पंचमी पर किया गया होली मिलन समारोह का आयोजन

**कोतमा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 मार्च को पत्रकार अखिलेश नामदेव के निवास मे बने शिव मंदिर मे महिलाओं द्वारा होली गीत गाकर एवं एक दूसरे से रंग अबीर गुलाल खेलकर रंग पंचमी का कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान वार्ड की महिलाएं उपस्थित रही।

# रंगों से सराबोर रही रंग पंचमी, जमकर उड़े रंग- गुलाल

## बाजे गाजे के साथ लोगों ने मनाई रंग पंचमी , दिनभर रही चहल-पहल









गत दिवस रंगपंचमी बड़ी धूमधाम से मनाई गई । होली का त्यौहार पांच दिन तक चलने वाला त्यौहार है जो रंगपंचमी के बाद पूर्ण होता है । धुरेड़ी के दिन से रंग गुलाल लगाने का क्रम प्रारंभ होता है जो रंगपंचमी तक चलता है । लोगो द्वारा एक दूसरे को रंग लगाकर मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी जाती है । इसी क्रम में आज रंगपंचमी पर दिन भर चहल पहल बनी रही है । रंगपंचमी के मौके पर जमकर रंग-गुलाल बरसा। अलसुबह से ही सक्रिय हुरयारे देर शाम तक सड़कों पर दिखाई दिये।

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।

नगर सहित पूरे जिले में रंग पंचमी का त्यौहार परंपरागत रूप से पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। नगर में हर साल रंग पंचमी का त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस साल भी लोगों ने रंग पंचमी परंपरागत रूप से मनाया। नगर के मुख्य बाजार मेन रोड कंदेली सहित सभी क्षेत्रों में रंग पंचमी उत्साह के साथ मनाया गया। युवाओं की टोली एक दूसरे पर रंग की बरसात करती रही और जमकर गुलाल भी उड़ा देखा गया कि रंग पंचमी के त्योहार पर इस साल भी लोगों ने रंगों की खूब बारिश की और परंपरागत रूप से रंग पंचमी का त्यौहार पूरे जिले में मनाया गया। होली का त्यौहार पांचवे दिन तक मनाये जाने वाला त्यौहार है । जो रंगपंचमी के बाद सम्पन्न होता है। शनिवार को रंगपंचमी पर काफी धूमधाम से लोगों द्वारा रंगपंचमी मनाई गई। सुबह से लोगों द्वारा रंग गुलाल लगाने को क्रम जारी कर दिया गया था जो देर शाम तक जारी रहा । लोगो द्वारा गाजे बाजे के साथ नाचते थिरकते हुये रंग लगाकर पंचमी मनाई ।

### सूने रहे बाजार, गलियों में रही रौनक

रंगपंचमी अवसर पर नगर के लगभग सभी बाजार बंद रहे। यहां सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के शटर गिरे हुए नजर आ रहे थे। बाजार तो बंद दिखे ही, नगर के भीतरे हिस्सों, गलियों की दुकानें भी बंद रहीं, और लोगों को चाय, नाश्ते तक के लिए परेशान होना पड़ा। हालात यह थे कि चाय, पान की इक्का-दुक्का होटलें ही खुली नजर आ रही थीं। कुछ पेट्रोल पंप भी सुबह के समय बंद रहे और शाम को जैसे ही पेट्रोल पंप खुला वहां उपभोक्ताओं की भीड़ लग गई। वहीं रंगपंचमी के दौरान लोग जिले के अपने पसंदीदा स्थानो पर पहुंचे। नर्मदा तटों समेत दिल्हेरी, टोन घाट समेत अन्य स्थानो पर लोग पिकनिक मनाने पहुंच गये।

### जमकर उड़े रंग गुलाल

रंगपंचमी के दिन काफी चहल पहल रही लोगो द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल से लाल कर दिया गया । रंग और गुलाल की बोरियां लेकर लोग बाजे गाजे के साथ रंग लागने निकले और पूरे वातावरण को रंगीन बनाते रहे । वही लोगो द्वारा बाजो की धुन पर जमकर डांस भी किया । रंगपंचमी के दिन भर चहल पहल बनी रही । माना जाता है कि रंगपंचमी पर अबीर-गुलाल,हल्दी और चंदन के साथ ही फूलों से बने रंग आसमान में उड़ाने से राजसिक और तामसिक शक्तियों का प्रभाव कम होकर मन में सात्विक भाव आता है। इससे सभी देवी-देवता बहुत ही प्रसन्न होते हैं। सुबह से ही रंग पंचमी का रंग लोगों के चेहरों पर नजर आ रहा था। नगर में हर गली हर मोहल्ले में रंग पंचमी का उत्साह देखा गया। उत्साही युवाओं एवं बच्चों ने सुबह से दोपहर तक अपने मित्रों एवं परिचितों को रंग गुलाल से सराबोर किया। लोगों ने जमकर धुरेड़ी खेली और रंगपंचमी पर्व पर लोगों ने बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ पर्व का भरपूर आनंद लिया।

### रंग पंचमी का धार्मिक महत्व

रंग पंचमी के दिन लोग हवा में अलग-अलग फूलों से सुगंधित अबीर-गुलाल को उड़ाते है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह दिन देवताओं को समर्पित होता है। ऐसा कहा जाता है कि रंग पंचमी के दिन रंगों के प्रयोग से सृष्टि में सकारात्मक ऊर्जा का संवहन होता है। इसी सकारात्मक ऊर्जा में लोगों को देवताओं के स्पर्श की अनुभूति होती है। वहीं सामाजिक दृष्टि से इस त्योहार का महत्व है। यह त्योहार प्रेम-सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। माना जाता है कि पंचमी तिथि पर रंगों के उत्सव से दैवीय शक्ति का असर ज्यादा होता है जिससे नकारात्मक ऊजार्ओं का प्रभाव बहुत ही कम हो जाता है। रंग पंचमी पर उड़ाए गए अलग-अलग रंगों से इकट्ठा हुए शक्ति के कण अनिष्ट शक्ति से लड़ते हैं। जिस कारण से मनुष्य के जीवन में दैवीय शक्तियों का प्रभाव बना रहता है और जीवन में हमेशा सकारात्मक ऊर्जा रहती है।

### रंग पंचमी की पौराणिक कथा

पौराणिक कथा के अनुसार,कहा जाता है कि त्रेता युग के प्रारंभ में जगत के पालनहार भगवान विष्णु ने धूलि वंदन किया था। धूलि वंदन से आशय ये है कि उस युग में श्री विष्णु ने अलग-अलग तेजोमय रंगों से अवतार कार्य का आरंभ किया। अवतार निर्मित होने पर उसे तेजोमय, अर्थात विविध रंगों की सहायता से दर्शन रूप में वर्णित किया गया है। होली ब्रह्मांड का एक तेजोत्सव है। ब्रह्मांड में अनेक रंग आवश्यकता के अनुसार साकार होते हैं और संबंधित घटक के कार्य के लिए पूरक व पोषक वातावरण की निर्मित करते हैं।

# पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज - करेली ।

गत दिवस होली की थीम पर बच्चों का ड्रॉइंग कॉम्पीटिशन प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व विधायक स्व. उत्तमचन्द लुनावत काकाजी निवास पर इनकी पुत्र बंधु श्रीमती प्रज्ञा लूनावत के द्वारा कराई गई । जिसमे बच्चों के द्वारा कलर फुल ड्रॉइंग बनाई जिसमे 10 बच्चों ने भाग लिया नेहा लूनावत और श्वेता राजपूत, रानी ओसवाल के द्वारा निर्णय किया गया जिसमे प्रथम कार्तिक नामदेव, द्वितीय स्थान समृद्धि नामदेव, तृतीय स्थान रिजु सोनी, सांत्वना पुरस्कार नव्या राजपूत,आँचल चौकसे, शौर्य चौकसे, सौम्या कोर, भावना ठाकुर, सृष्टि ठाकुर, समृद्धि कौरव सभी ने गेम खेले और होली की शुभकामनाएं देते हुए एक दूसरे को रंग लगाया गया ।

# 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 28 पेटी देशी व अंग्रेजी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।



गत दिवस थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुये आरोपियों से 28 पेटी देशी व अंग्रेजी शराब, कुल कीमती 1,43,000/- रुपये जब्त की गयी। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सगोनी कला का धन्नू उर्फ किशोरी अवैध शराब का विक्रय करता है जो अपने पास अधिक मात्रा में शराब बिक्री करने के उद्देश्य से रखे हुये है जो उक्त सूचना पर दबिश देने पर आरोपी धन्नू उर्फ किशोरी पिता परषोत्तम नौरिया उम्र 22 साल नि. ग्राम सगौनी थाना कोतवाली जिला नरसिंहपुर के कब्जे से 03 पेटी गोवा विस्की व 03 पेटी जीनियस शराब जप्त की गयी। आरोपी के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की जाकर न्यायालय पेश किया जा रहा है । वही दूसरी कार्रवाई शिवाजी वार्ड निवासी मोनू राय के कब्जे से एक खाकी रंग के कार्टून में 47 नग क्वाटर देशी शराब जब्त की गयी तथा आरोपी मोनू राय से और अधिक शराब के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा सिंगरी नदी के किनारे टपरे में छिपाकर रखना बताया जो आरोपी के बताये अनुसार 11 पेटी देशी मसाला शराब, 08 पेटी प्लेन शराब, 01 पेटी जीनियस व्हिस्की एवं 01 पेटी गोवा व्हिस्की शराब जप्त कर कब्जा पुलिस में ली गयी आरोपी के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में आ. संजय पाण्डेय, महेन्द्र ठाकुर, भुवनलाल, जितेन्द्र सिंह, प्रहलाद माधवे, पंकज सिंह राजपूत, रोहित चन्पुरिया की सराहनीय भूमिका रही।

# शिवाजी को हराकर एम एफ सी पहुंची फाइनल में

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।




सिंहपुर में आयोजित हो रही रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सिंहपुर प्रीमियर लीग में कल खेले गये दूसरे सेमीफाइनल मैच में एम एफ सी ने शिवाजी क्रिकेट क्लब को बेहद संघर्षपूर्ण मैच में 22 रनों से हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली । इससे पहले प्रतियोगिता के इस दूसरे सेमीफाइनल के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित इंजी. रुद्रेश तिवारी रहे । इस दूसरे सेमीफाइनल में शिवाजी क्रिकेट क्लब द्वारा टॉस जीतकर एम एफ सी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया गया । पहले बल्लेबाजी करते हुये एम एफ सी ने निर्धारित 12 ओवर में 193 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया । शिवाजी क्रिकेट क्लब की 194 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी 107 की धमाकेदार ओपनिंग साझेदारी कर बेहतरीन शुरूआत दी और मैच को एकतरफा शिवाजी के पक्ष में झुका दिया लेकिन पहले विकेट के गिरते ही एम एफ सी ने मैच में वापसी करते हुये अपनी शानदार और कसी हुई गेन्दबाजी से शिवाजी क्रिकेट क्लब को एक बाद झटके देते हुये मैच का रुख पलटकर इसे अपने पक्ष में झुका दिया अंततः उतारचढाव से भरपूर इस रोचक मैच में एम एफ सी ने शिवाजी क्रिकेट क्लब को 22 रनों से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली । इस अवसर पर मौजूद विशिष्ट अतिथि सर्वश्री ठाकुर आकाश सिंह, पंडित अशोक पाठक, मृदुलेश दुबे, राजीव दुबे, विनय यादव, साकेत खत्री, पंकज शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

# झिराघाटी चेक पोस्ट में 16 लाख से अधिक की राशि जब्त

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।



लोकसभा निर्वाचन- 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रुप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में जिले में एसएसटी एवं एफएसटी की टीमों द्वारा लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 120- तेंदूखेड़ा के अंतर्गत झिराघाटी में बनाये गये एसएसटी चैक पोस्ट पर वाहनों की चैकिंग के दौरान शनिवार 30 मार्च 2024 को सफेद टाटा इंडिगो वाहन क्रमांक एमपी 04 टीए 4612 में प्रदीप राठौर पिता जयप्रकाश राठौर निवासी सीहोर से 16 लाख 99 हजार 500 रुपये नगद राशि जब्त की। जांच के दौरान उनके पास कोई वैध दस्तावेज प्राप्त नहीं मिलने पर जप्ती की कार्यवाही की गई।

# शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने के बीएलओ को दिए निर्देश



**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने लोक सभा निर्वाचन 2024 के मतदान हेतु शासकीय हाई स्कूल परासी में बनाये गए मतदान केंद्र क्रमांक 177 का औचक निरीक्षण किया। मतदान केंद्र में दर्ज मतदाताओं की संख्या 810 है, जिसमे 404 महिला एवं 406 पुरुष मतदाता शामिल है। बीएलओ पूरन लाल प्रजापति ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन में 85 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसी तरह शास. प्राथमिक शाला किल्हारी मे बनाये गये मतदान मतदान केंद्र क्रमांक 51 का भी निरीक्षण किया गया। मतदान केन्द्र मे दर्ज मतदाताओ की संख्या 1070 है, जिसमे 509 महिला एवं 561 पुरूष मतदाता शामिल है।

# त्यौहार में विंध्याचल एक्सप्रेस के बंद होने से हो रही भारी परेशानी

**करेली।** रेलवे प्रशासन द्वारा पश्चिम मध्य रेल के भोपाल स्टेशन पर पिट लाइन नंबर एक पर अनुरक्षण का कार्य कराया जा रहा है इस नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते गाड़ियों का निरस्तीकरण आये दिन जारी है। रेलवे द्वारा निर्माण के नाम पर लगातार पूरे के पूरे रूट पर ट्रेन केंसिल की जा रही है जबकि फौरी राहत के लिये शार्ट रूट पर भी ट्रेन चलायी जा सकती है। 11271 इटारसी कटनी बीना भोपाल विंध्याचंल एक्सप्रेस 3 मार्च से 30 मार्च 24 तक एवं 11272 भोपाल बीना इटारसी विंध्याचंल एक्सप्रेस 4 मार्च 24 से 31 मार्च 24 तक केंसिल होने से त्यौहारी सीजन में यात्री बेजा परेशान है। विंध्याचंल एक्सप्रेस इटारसी जबलपुर रेलखंड की लोकप्रिय ट्रेनों में शुमार है अप डाउनर्स इसी से आते जाते है अनेक स्टेशनों पर फास्ट गाडियां धड़धडाती निकलती है वैकल्पिक रूप से स्टापेज के अधिकार डीआरएम स्तर से हटाकर रेलवे बोर्ड ने खुद ले लिये है दिल्ली में बैठे अधिकारी स्थानीय समस्याओं से रूबरू नहीं रहते है जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। आम जनों का जन जीवन ज्यादा प्रभावित हो रहा सत्ता पक्ष मौन है तो विपक्षी कांग्रेस भी मूक दर्शक बनी हुई है आमजनों के मुददो से कन्नी काटने के कारण ही कांग्रेस की लगातार दुर्गति हो रही है बावजूद इसके वह अभी तक चेत नहीं रही है।

# दिनों दिन बढ़ता जा रहा लोकसभा चुनाव का पारा

**तेंदूखेड़ा-** लोकसभा चुनाव नर्मदापुरम 17 के चुनाव प्रचार का पारा दिनों दिन बढ़ता चला जा रहा है। होली उत्सव रंगपंचमी मनाने के उपरांत सूर्य की तेज किरणें तो कभी बादल छाने रिम झिम फुहारों के बीच प्रत्याशी इस विस्तृत क्षेत्र 3 जिलों के अंतर्गत आने वाले 8 विधानसभा क्षेत्रों के लगभग 2200 से अधिक मतदान केंद्रों पर पंहुचकर मतदाताओं से सीधा संपर्क स्थापित कर अपने अपने पक्ष मे मतदान करने हेतु जनसंपर्क मे जुट गये है। यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा मे ही बना हुआ है। तीसरे दल का कोई प्रत्याशी अभी तक मतदाताओं के सामने अभी तक नहीं पंहुच सका है। यहां पर कांग्रेस ने पूर्व विधायक संजय शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाकर जनता के बीच भेजा है तो भारतीय जनता पार्टी ने चैधरी दर्शन सिंह को प्रत्याशी के रूप मे उतारा है। दर्शन सिंह को जहां प्रदेश और केंद्र की सरकार की नीतियों योजनाओं का सहारा है वहीं कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा अपने माध्यम से सांसद तीर्थ दर्शन यात्रा का भरोसा दिलाते हुये प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 100 श्रद्धालुओं को देश के प्रमुख अयोध्या वैष्णो देवी मैहर उज्जैन महाकालेश्वर सीहोर कुवरेश्वर धाम अमृतसर अजमेर सरीफ संमेद शिखर खाटू श्याम की यात्रा प्रमुख रूप से शामिल है। वहीं समय समय पर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों मे बड़ी गंभीर बीमारियों का इलाज कराने का भरोसा दिला रहे हैं। वहीं संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र मे जनता दरवार लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करने एवं नये रचनात्मक सृजनात्मक नवाचार के कामों का भरोसा दिला रहे हैं।